आईआईएम का टेड-एक्स आज सीएमपीडीआई सभागार में, वेबकास्टिंग भी होगी

रांची | आईआईएम रांची का टेड-एक्स आज सीएमपीडीआई सभागार में होगा। देश के कई जाने-माने लोग भाग लेंगे। इस बार टेड-एक्स की थीम है 'केलाइडोस्कोप ऑफ पॉसिबिलिटीज'। उद्देश्य यह समझाना है कि संभावनाएं कभी खत्म नहीं होतीं। हम सभी को कभी न कभी ऐसा लगता है कि सारे विकल्प खत्म हो गए। हम लक्ष्य पाने की कोशिश छोड़ देते हैं। जबकि कुछ क्रिएटिव और धैर्यवान लोग होते हैं जो संभावनाओं को तलाशने का तरीका बदलते हैं और जीवन में कुछ बड़ा हासिल कर पाते हैं।

विभिन्न क्षेत्रों में नाम बनाने वाले ऐसे ही कुछ सफल लोग अपनी कहानियों से युवाओं को प्रेरित करेंगे। संभावनाओं के आयामों पर भी चर्चा भी होगी। इस इवेंट का लाइव वेबकास्ट भी किया जाएगा। बेस्ट सेलिंग ऑथर व न्यूरो साइंटिस्ट अभिजीत नासकर, एक्स आर्मीमैन कर्नल प्रबीर सेनगुप्ता, आईएएस हर्षिका सिंह, आंत्रप्रेन्योर सुप्रियो सिन्हा, लेखक-निर्देशक पाखी टायरवाला, मास्टर शेफ विनर पंकज भदौरिया समेत कई वक्ता आएंगे।

Dainik Bhaskar, 10.03.2019, Pg. 01